# रेलवे और बैंक सबसे ज्यादा भ्रष्ट

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली, 4 सितंबर. देश में भ्रष्टाचार को लेकर होने वाली शिकायतों के आंकड़ों में पिछले पांच साल में बदलाव दिखा है. शिकायतों के मामले में गृह मंत्रालय सबसे ऊपर था, लेकिन केंद्रीय सतर्कता आयोग की सालाना रिपोर्टों के मुताबिक, 2021 और 2022 में गृह मंत्रालय के खिलाफ शिकायतों की संख्या सबसे ज्यादा थी.**

| साल | गृह मंत्रालय | रेलवे | बैंक |
|---|---|---|---|
| 2021 | 37,670 | 11,003 | 6,330 |
| 2022 | 46,643 | 10,580 | 8,129 |
| 2023 | 2,309 | 10,447 | 7,004 |
| 2024 | 1,102 | 8,177 | 5,966 |
| 2025 | 2,036 | 9,381 | 9,933 |

**गृहमंत्रालय में तुलनात्मक रूप से मामले घटे**

2021 में गृह मंत्रालय के खिलाफ 37,670 शिकायतें आई थीं, जबकि रेलवे के खिलाफ 11,003 शिकायतें थीं. 2022 में गृह मंत्रालय की शिकायतें बढ़कर 46,643 हो गईं और वह सबसे ज्यादा शिकायतों वाला विभाग रहा. इसी साल रेलवे के खिलाफ 10,580 और बैंकों के खिलाफ 8,129 शिकायतें आईं. यानी 2022 में गृह मंत्रालय की शिकायतें रेलवे से करीब 4.4 गुना ज्यादा थीं. इसके बाद आंकड़ों में अचानक बड़ा बदलाव आया. 2023 में गृह मंत्रालय और उससे जुड़े संगठनों के खिलाफ शिकायतें घटकर 2,309 रह गईं. वहीं रेलवे 10,447 शिकायतों के साथ सबसे ऊपर पहुंच गया और बैंकों के खिलाफ 7,004 शिकायतें आईं. 2024 में गृह मंत्रालय की शिकायतें और घटकर 1,102 रह गईं. दूसरी ओर रेलवे के खिलाफ 8,177 और बैंकों के खिलाफ 5,966 शिकायतें दर्ज हुईं. 2025 में गृह मंत्रालय की शिकायतें कुछ बढ़कर 2,036 हुईं, लेकिन वह बाकी टॉप विभागों से काफी पीछे रहा. इस साल बैंकों के खिलाफ 9,933 शिकायतें आईं और रेलवे के खिलाफ 9,381. यानी 2025 में सबसे ज्यादा शिकायतें बैंकों के खिलाफ थीं, रेलवे दूसरे नंबर पर रहा. सीवीसी के आंकड़ों में गृह मंत्रालय का आंकड़ा दिल्ली पुलिस को छोड़कर है.

| विभाग | शिकायतें |
|---|---|
| बैंक | 9,933 |
| रेलवे | 9,381 |
| आवास एवं शहरी मामले | 6,531 |
| स्थानीय निकाय | 4,834 |
| कोयला | 4,118 |
| वित्त | 3,107 |
| दिल्ली सरकार | 2,804 |
| पेट्रोलियम | 2,722 |

### आंकड़ों में अचानक 95 प्रतिशत की गिरावट

पांच साल के आंकड़ों में 2022 से 2023 के बीच अचानक करीब 95प्रतिशत की गिरावट दिखती है. लेकिन इसे सीधे यह निष्कर्ष निकालकर नहीं देखा जा सकता कि गृह मंत्रालय में शिकायतें भी 95प्रतिशत कम हो गया. इसकी एक बड़ी वजह आंकड़ों की रिपोर्टिंग और विभागों की कवरेज में बदलाव है. सीवीसी की रिपोर्ट में अलग-अलग वर्षों में मंत्रालयों और उनके जुड़े संगठनों को अलग तरीके से दिखाया गया है.

## नंदलाला के दर्शनों को उमड़ा जनसैलाब


बांके बिहारी, मथुरा


प्रेम मंदिर, मथुरा


खाटू श्याम, सीकर


इस्कान मंदिर, नोयडा



हरे कृष्ण मंदिर, गुवाहाटी

# पार्टी कहेगी तो दिल्ली जाऊंगा

## महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र बोले-2029 तक राज्य में ही हूं

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**मुंबई, 4 सितम्बर. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिल्ली की राजनीति में जाने की अटकलों पर एक बार फिर पूर्ण विराम लगा दिया है. उन्होंने स्पष्ट कहा कि 2029 तक उनके महाराष्ट्र में ही रहने की संभावना है.**



फडणवीस ने कहा कि मेरे नेता मुझे 2029 तक महाराष्ट्र में ही रखेंगे. पार्टी और नेता जिस दिन तय करेंगे, उस दिन जरूर दिल्ली जाऊंगा. हालांकि आज मेरा मानना है कि 2029 तक मैं दिल्ली नहीं जाऊंगा. फडणवीस ने कहा कि पिछले कुछ समय से उन्हें दिल्ली भेजे जाने की खबरें लगातार सामने आती रहती हैं. उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि कुछ लोगों को लगता है कि दिल्ली जाने से उनका प्रमोशन होगा, जबकि कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्हें लगता है कि उनके दिल्ली जाने से उनके सिर से एक बला टल जाएगी. उन्होंने कहा कि हर दो-तीन महीने में कभी खबर नहीं मिलने पर, तो कभी नई खबर बनाने के लिए उन्हें दिल्ली भेज दिया जाता है.

### विरोधियों पर साधा जमकर निशाना

फडणवीस से जब उद्धव ठाकरे, संजय राउत, रोहित पवार, हृषीकेश सकपाल, राहुल गांधी और सुधीर मुनगंटीवार में सबसे तीखा विरोधी चुनने को कहा गया तो उन्होंने कहा कि सुधीर मुनगंटीवार उनके विरोधी नहीं, बल्कि मित्र और सहयोगी हैं. बाकी नेताओं में से भी किसी को वे अपना विरोधी नहीं मानते. विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि ये नेता 'पेपर टाइगर' हैं और उनका विरोध मुख्य रूप से मीडिया तथा अखबारों तक सीमित है.

# जार्जिया मेलोनी ने रचा इतिहास इटली में सबसे लंबी सरकार

- मेलोनी की सरकार ने पूरे किए 1,413 दिन
- 80 वर्षों में अब तक 68 सरकारें बन चुकी



**इटली, 4 सितंबर ( एजेंसी ). इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने देश की राजनीति में एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड कायम किया. उनकी अगुवाई वाली सरकार ने 1,413 दिन पूरे कर सिल्वियो बर्लुस्कोनी की सरकार के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया.**

इटली जैसे राजनीतिक रूप से अस्थिर देश में यह उपलब्धि इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से देश में करीब 80 वर्षों के दौरान 68 सरकारें बन चुकी हैं. पिछली कई सरकारें गठबंधन में टूट, राजनीतिक मतभेद और सांसदों के समर्थन वापस लेने के कारण अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सकीं. मेलोनी अब तक इन संकटों से अपनी सरकार को बचाने में सफल रही हैं.

## एक नजर में

### रूस-यूक्रेन जंग के बीच शांति की कोशिश

**मॉस्को, 4 सितम्बर (एजेन्सी).** रूस और यूक्रेन के बीच करीब साढ़े चार साल से जारी जंग को खत्म करने की कोशिशें अब एक बार फिर तेज होती दिख रही हैं. यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने गुरुवार को बताया कि रूस के साथ संभावित शांति समझौते का रास्ता निकालने की कोशिश कर रहे अमेरिकी वार्ताकार आने वाले दिनों में यूक्रेन और रूस का दौरा कर सकते हैं. जेलेंस्की ने अपने एक वीडियो संबोधन में कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रतिनिधियों के यूक्रेन आने की शुरुआती तारीखें तय हैं. उन्होंने बताया कि अमेरिकी प्रतिनिधियों की मॉस्को और कीव दोनों जगह बैठक होनी है. जेलेंस्की ने कहा कि आने वाले दिनों में होने वाली इन बैठकों का काफी महत्व है. अमेरिकी वार्ताकारों की यह सक्रियता ऐसे वक्त सामने आई है, जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यूक्रेन जंग को लेकर सीधी बातचीत की थी.

### आरजी कर केस में फिर भड़की पीड़िता की मां



**कोलकाता, 4 सितम्बर.** आरजी कर अस्पताल दुष्कर्म-हत्या मामले में न्याय की मांग कर रही पीड़िता की मां ने एक बार फिर जांच की धीमी गति को लेकर नाराजगी जताई है. पानीहाटी से भाजपा विधायक रत्ना देबनाथ ने बैरकपुर में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि सरकार बदलने के बावजूद उनकी बेटी के मामले में न्याय की प्रक्रिया अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ी है. उन्होंने सवाल किया कि जब सत्ता परिवर्तन के बाद बड़े बदलाव का दावा किया गया था, तो न्याय की प्रक्रिया में अब तक कितना बदलाव आया है. देबनाथ ने कहा कि मामले से जुड़े कुछ पहलुओं पर कार्रवाई अभी भी आगे नहीं बढ़ रही है. उन्होंने याद किया कि उनकी बेटी की मौत के बाद परिवार राजनीति में आने के पक्ष में नहीं था. उनका परिवार चाहता था कि वह सामान्य जीवन जिएं और अपने पति के कारोबार तथा परिवार पर ध्यान दें.

### बडगाम में एक आतंकी ढेर, एके राइफल बरामद

**श्रीनगर, 4 सितम्बर (एजेंसी ).** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले के घने जंगलों में सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान के दौरान एक आतंकी मारा गया. अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और इलाके में सतर्कता बढ़ा दी। संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर जवानों ने आतंकियों को चुनौती दी. इसके बाद आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभाल लिया. दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक आतंकी मारा गया. सुरक्षाबलों ने मारे गए आतंकी के पास से एक एके राइफल और अन्य सामग्री बरामद की है. इलाके में तलाशी अभियान जारी है और सुरक्षाबल आसपास के क्षेत्रों में भी सतर्कता बरत रहे हैं .इलाके में एक और आतंकी के छिपे होने की आशंका है. उसे पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है और आसपास के जंगलों में भी सघन तलाशी ली जा रही है. घाटी में कई महीनों के अंतराल के बाद इस तरह की मुठभेड़ हुई है.

# आदेश की नाफरमानी पर न्यायिक अधिकारी नपे

**नवभारत न्यूज़**

**लखनऊ, 4 सितम्बर. सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार रिपोर्ट नहीं भेजने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के संबंधित न्यायिक अधिकारी के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू करने का आदेश दिया है.**



**सुको ने दिए जांच के आदेश**

जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस चंद्रशेखर की पीठ ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने तीन बार निर्देश के बावजूद रिपोर्ट नहीं भेजी. मामला एक संपत्ति से प्रतिवादियों को बेदखल करने के मुकदमे से जुड़ा है. फरवरी 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को एक साल के भीतर सुनवाई पूरी करने का निर्देश दिया था. जनवरी 2026 में कोर्ट ने पाया कि छह साल बाद भी मुकदमा लंबित है. मई 2026 में सुप्रीम कोर्ट ने छह महीने में सुनवाई पूरी कर 21 अगस्त तक स्टेटस रिपोर्ट देने को कहा था, लेकिन रिपोर्ट नहीं मिली. अब कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को 15 दिन में प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा है.

# फंक्शनल डिसेबिलिटी नहीं कर सकते कम

## मोटर दुर्घटना मुआवज़े के मामले में सुप्रीम कोर्ट का दखल से इनकार

**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**

**नई दिल्ली, 4 सितम्बर. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मोटर दुर्घटना मुआवज़े के मामलों में फंक्शनल डिसेबिलिटी का आकलन करते समय इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि पीड़ित खुली और प्रतिस्पर्धी लेबर मार्केट में कितना कमा सकता है, न कि इस बात पर कि वह व्यक्ति किसी ऐसी जगह काम कर रहा है, जहां उसे बहुत ज़्यादा सुविधाएं दी गईं.**

कोर्ट ने कहा, 'फंक्शनल डिसेबिलिटी की गणना इस आधार पर की जाती है कि पीड़ित की खुली और प्रतिस्पर्धी बाज़ार में कमाने की क्षमता क्या है, न कि इस आधार पर कि उसे किसी खास, बहुत ज़्यादा सुविधा वाली भूमिका में बनाए रखा गया.

जस्टिस एस.वी.एन. भट्टी और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने यह टिप्पणी तब की, जब वे एक महिला का मुआवज़ा बढ़ा रहे थे. 2011 की सड़क दुर्घटना के बाद वह पूरी तरह अंधी हो गई, उसे पेल्विक में गंभीर चोटें आईं और उसे हमेशा के लिए कोलोस्टॉमी करवानी पड़ी थी.

### सुप्रीम कोर्ट ने 26 मोबाइल ई-सेवा वैन को दिखाई हरी झंडी

सुप्रीम कोर्ट की ई-कमेटी ने नेशनल लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी और न्याय विभाग के साथ मिलकर शुक्रवार को 26 मोबाइल ई-सेवा वैन को हरी झंडी दिखाई. इनका मकसद दूर-दराज और कम सुविधा वाले इलाकों में रहने वाले नागरिकों तक सीधे ई-कोर्ट सेवाएं, कानूनी मदद और विवाद सुलझाने की सुविधाएं पहुंचाना है. इन वैन को नई दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स में हरी झंडी दिखाई गई. ये 73 मोबाइल ई-सेवा वैन के बेड़े का पहला हिस्सा हैं, जिन्हें धीरे-धीरे तय हाई कोर्ट और ज़िला अदालतों के अधिकार क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा.

### 18 सैनिकों की मौत, मुझसे चूक हुई... ट्रंप के मंत्री ने मांगी माफी

**वाशिंगटन.** अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने ईरान युद्ध में किसी अमेरिकी के मारे जाने की बात गलत तरीके से कहने पर माफी मांगी है. उन्होंने कहा कि उनके बयान में गलती हुई थी और ईरान में अमेरिकी सेना के 18 सदस्यों की मौत हुई है. उन्होंने कहा कि मैंने गलत कहा था. हमारी सेना के 18 सदस्यों की मौत हुई है और उन परिवारों के लिए मेरा दिल टूट गया है. उनके नुकसान के लिए मुझे बहुत खेद है. लुटनिक ने एक्स पर लिखा कल जी 20 इनोवेशन समिट में एआई के बारे में बोलते हुए ईरान में सैन्य कार्रवाई को लेकर एक सवाल का जवाब देते समय मैंने गलत कहा था.

# जन्माष्टमी पर ब्रज को 1051 करोड़

**229 विकास परियोजनाओं की दी सौगात**

**62 परियोजनाओं का लोकार्पण व167 नई योजनाओं का शिलान्यास**



**मथुरा, 4 सितंबर. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर ब्रज क्षेत्र में विकास और धार्मिक आस्था का बड़ा संगम देखने को मिला.**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय मथुरा प्रवास के दौरान करीब 1051 करोड़ रुपये की 229 विकास परियोजनाओं की सौगात दी. इनमें 540 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली 62 परियोजनाओं का लोकार्पण और 437 करोड़ रुपये से अधिक की 167 नई योजनाओं का शिलान्यास शामिल है.

इन परियोजनाओं से मथुरा-वृंदावन के बुनियादी ढांचे और पर्यटन सुविधाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है. मुख्यमंत्री कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी और मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों को 72 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि वितरित किए.

इसके साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के पात्र लोगों को ट्रैक्टर की चाबी, चेक और प्रमाण पत्र भी सौंपे. प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री नवनिर्मित श्री स्वामी हरिदास प्रेक्षागृह का लोकार्पण किया. अत्याधुनिक सुविधाओं से तैयार इस प्रेक्षागृह में करीब एक हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था बताई गइ. कार्यक्रम में वे प्रो-पुअर प्रदर्शनी का अवलोकन, वृक्षारोपण और संतों से मुलाकात की. इसके अलावा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया.

### आज का इतिहास

1836 अमेरिकी राजनीतिज्ञ सैम ह्यूस्टन टेक्सास गणराज्य के नए राष्ट्रपति नियुक्त किए गए.

1839 चीन और ब्रिटेन के बीच प्रथम अफीम युद्ध की शुरुआत हुई.

1882 पहला अमेरिका श्रम दिवस परेड न्यूयॉर्क शहर में आयोजित किया गया.

1885 अमेरिका के इंडियाना स्थित फोर्ट वेयन में पहली बार गैसोलीन पंप की स्थापना की गई.

1887 इंग्लैंड के थिएटर रॉयल एक्सेटर में आग लगने से 186 लोगों की मौत.

1914 विश्व के पांच देशों ब्रिटेन, फ्रांस, बेल्जियम और रूस ने लंदन संधि पर हस्ताक्षर किये थे.

# भारत-अमेरिका की दोस्ती से जलते हैं कई देश : गोर

**नई दिल्ली, 4 सितंबर.भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने भारत-अमेरिका संबंधों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की संभावित मुलाकात तथा प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है.**



उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच मजबूत होते रिश्तों से कई अन्य देश 'जलते' हैं. गोर ने यह टिप्पणी नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान की और बाद में एक इंटरव्यू में दोनों देशों के संबंधों से जुड़े कई पहलुओं पर बात की. डोनाल्ड ट्रंप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना मित्र मानते हैं. दिसंबर में होने वाले जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं की अलग मुलाकात की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता. उन्होंने कहा कि ट्रंप जिन वैश्विक नेताओं से मिलना चाहते हैं, उनमें मोदी का नाम प्रमुखता से शामिल है. हालांकि, दोनों के बीच किसी औपचारिक द्विपक्षीय बैठक की अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है.

## हस्तियों के ट्वीट



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि कुछ लोग अपने विचार दुनिया के सामने रखते हैं और उम्मीद करते हैं कि वे लोकप्रिय होंगे. ग्लोरिया स्टाइनम नहीं .अपने लेखन, अपने भाषणों और अपने आयोजन के माध्यम से, उन्होंने मांग की कि दुनिया उन सभी तरीकों पर ध्यान दे, जिनसे महिलाओं के साथ - और कुछ मामलों में, अभी भी - गलत व्यवहार किया जाता है.



ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंटोनी एल्बनीज़ ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि मैंने नेपाल के प्रधानमंत्री शाह से बात की और भयानक बाढ़ और सुनामी जैसी तबाही के बाद ऑस्ट्रेलिया की तरफ से गहरी संवेदना जताई. ऑस्ट्रेलिया नेपाल के साथ खड़ा है और जहाँ सबसे ज़्यादा ज़रूरत है, वहाँ मानवीय मदद, सामान और खास क्षमताओं के ज़रिए मदद दे रहा है .जान का नुकसान और तबाही बहुत बुरी है, और हम उन ऑस्ट्रेलियाई लोगों को ढूंढने की पूरी कोशिश करते रहेंगे जिनका अभी तक कोई पता नहीं चला है.

### पीठ खुजाकर हर माह कमा रहा 14 लाख रुपए

**बीजिंग, 4 सितम्बर( एजेंसी )** चीन के एक 32 साल के युवा एंटरप्रेन्योर ने एक बेहद आम सी समस्या को एक अनोखे और कामयाब बिजनेस आइडिया में बदल दिया है. अब लोग अपनी पीठ या शरीर के अन्य हिस्सों की खुजली शांत करने के लिए प्रोफेशनल मदद ले सकते हैं. हुबेई प्रांत के रहने वाले झांग शियाओकियाओ ने शेनझेन शहर में सुमा ब्रांड नाम से इस अनूठी सर्विस की शुरुआत की है. साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, इस थेरेपी का माहौल बिल्कुल किसी लग्जरी मसाज पार्लर जैसा होता है. यहां ग्राहक आराम से बेड पर लेटते हैं और ट्रेंड स्टाफ उनके शरीर को सहलाता है. इसके लिए प्रशिक्षित स्टाफ खास तौर पर डिजाइन किए गए नुकीले नाखूनों का इस्तेमाल करके उनके शरीर के अलग-अलग हिस्सों को धीरे-धीरे खुजलाते हैं. इस अनोखी सर्विस की कीमत लगभग 4,200 रुपये प्रति घंटा है. इसे केवल खुजली मिटाने तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि इसे आराम करने, तनाव कम करने और बेहतर नींद के एक तरीके के तौर पर प्रमोट किया जा रहा है.ग्राहक अपनी सुविधानुसार स्टाफ को भी बता सकते हैं कि शरीर के किस हिस्से में ज्यादा खुजली हो रही है, ताकि वे उन जगहों पर अधिक ध्यान दे सकें. कई बार इस एहसास से ग्राहकों को गुदगुदी भी होती है और वे हंसने लगते हैं. झांग बताते हैं कि बड़े शहरों में लोग अक्सर बहुत ज्यादा तनाव महसूस करते हैं. इसी वजह से इस सर्विस की मांग तेजी से बढ़ रही है.


**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड

संभाग क्रमांक-02, भोपाल, Mobile No. : 9425601534,

ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com

क्र.-मप्रपुआअविनि/936/पयं/भोपाल-02/तशा/2026

भोपाल, दिनांक 02.09.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

निर्माण कार्य 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक रनिंग ट्रेक (Top Layer) मोतीलाल नेहरू स्टेडियम, लाल परेड ग्राण्डड भोपाल के निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक-08/2026-27 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/ TENDER No-2026_MPPHC_533681_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 21.09.2026 समय 5.00 बजे तक ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : https://mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/127864/2026 — परियोजना यंत्री



**मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी लिमिटेड**

(नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन)

अमरकंटक भवन इंद्रिरा प्रेस कॉम्पलेक्स एम.पी. नगर, जोन -1, भोपाल

फोन नं. : + 91-755-276-3060, 61, 62, फैक्स : +91-755-276-3868

E-mail : mpusipbpl@gmail.com

क्र. MPUDC/ENGG/2026/9390 — दिनांक : 03.09.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से म.प्र. अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा संपादित किए जाने वाले निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा (E-Tendering) के माध्यम से लम्पसम्प निविदा ''निविदा प्रपत्र अपेन्डिक्स 2.18'' पर आमंत्रित की जाती है।

| S. No. | Online Tender No. | Work | Probable Amount (INR in lacs) | Completion Period |
|---|---|---|---|---|
| 1. | MPUDC/ | Balance Work of Sewerage Project of Mandleshwar Town, District Khargone (M.P.) | 904.70 | 12 Months including rainy season |

1. इच्छुक निविदाकारों निविदा के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in/mpudc पर देखा जा सकता हैं। उपरोक्त कार्य की निविदा आमंत्रण सूचना को म.प्र. अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की वेबसाइट www.mpudc.co.in तथा म.प्र. नगरीय विकास एवं आवास विभाग की वेबसाइट www.mpurban.gov.in पर देखा जा सकता है। 2. **निविदा प्रपत्र दिनांक 09.09.2026 समय प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 08.10.2026 सायं 3.00 बजे तक** ऑनलाइन क्रय किया जा सकता है। 3. निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों आदि का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही किया जायेगा तथा पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

म.प्र. माध्यम/127900/2026 — मुख्य अभियंता